03 नवंबर 2024: करेंट अफेयर्स

1. **टीबी में गिरावट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि टीबी की घटनाओं में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, भारत में 2015 से 2023 के बीच टीबी के मामलों में 17.7% की गिरावट दर्ज की गई है, जो वैश्विक 8.3% गिरावट से अधिक है। सरकार ने टीबी उन्मूलन के लिए निक्षय पोषण योजना जैसी योजनाएं लागू की हैं।

2. **प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन**



संस्कृति मंत्रालय और इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्फेडरेशन के सहयोग से नई दिल्ली में 5-6 नवंबर को प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य विषय "एशिया को मजबूत बनाने में बुद्ध धर्म की भूमिका" है, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी।

3. **आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर पहला मंत्री स्तरीय घोषणा पत्र**

Plutus Academy

भारत के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की सक्रिय भागीदारी के साथ ब्राजील में G-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण (DRR) मंत्री स्तरीय बैठक हुई। इसमें प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, आपदा प्रतिरोधक अवसंरचना, आपदा जोखिम वित्तपोषण, पुनर्प्राप्ति और प्रकृति आधारित समाधान जैसे पांच प्राथमिकताओं पर जोर दिया गया।

4 . **भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम**

भारतीय स्टार्टअप ने इस साल के पहले 10 महीनों में 12.2 अरब डॉलर का फंड जुटाया है, जो पूरे 2023 के मुकाबले अधिक है। हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1,000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड स्पेस सेक्टर के लिए स्थापित करने को मंजूरी दी है।

5. **भारत की नवीनीकृत जैव विविधता रणनीति और कार्य योजना (NBSAP)**

पर्यावरण राज्य मंत्री किर्ती वर्धन सिंह ने कोलंबिया में COP-16 बैठक में भारत की अद्यतन NBSAP की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य 2030 तक जैव विविधता क्षरण को रोकना और 2050 तक प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहना है।

6. **भारत के अतनु दास ने स्विस ओपन इंडोर आर्चरी में कांस्य पदक जीता**

स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन में आयोजित स्विस ओपन इंडोर आर्चरी में भारत के अतनु दास ने कांस्य पदक जीता।

Plutus Academy